सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-391
12/09/2018

मुख्यमंत्री ने जापान में आई प्राकृतिक आपदा पर जताई गहरी संवेदना, जापान के एम्बेसडर को लिखा पत्र

पटना 12 सितम्बर, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पिछले सप्ताह जापान में एक के बाद एक आई प्राकृतिक आपदा पर गहरी चिंता जताई। भारत में जापान के एम्बेसडर श्री केंजी हिरामत्शु को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने कंसाई क्षेत्र में जेबी तूफान और होकाईदो प्रान्त में आये प्रलयंकारी भूकंप में मारे गये लोगों के प्रति गहरी संवेदना जताई है।

मुख्यमंत्री ने दुःख और विपत्ति की इस घड़ी में प्रभावित लोगों के प्रति अपने संदेश में लिखा है कि जापान के लोग अपनी जीवटता एवं अपने दृढ़ संकल्प के लिए जाने जाते हैं, जो कठिनतम परिस्थितियों में भी जापान को आगे ले जाने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जापान के लोग जल्द ही इस विषम परिस्थिति से उबरने में कामयाब होंगे।

******